यूटीयू में स्थापित होगी वीर माधो सिंह भंडारी की प्रतिमा

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में 27 जनवरी को 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल शामिल होंगे।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि अपने 18 वर्ष के कार्यकाल में कई तरह के उतार-चढ़ाव और झंझावतों को पार कर वर्तमान मुकाम पहुंचा है। स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री वीर माधो सिंह भण्डारी की मूर्ति का अनावरण करेंगे।

समारोह में देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम में अध्ययनरत उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी 251 छात्र-छात्राओं को 50 हजार रुपए की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

भारतीय सेना की युद्ध ट्रॉफी युद्ध टैंक टी-55 को परिसर में स्थापित कर अनावरण किया जायेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय की प्रथम एल्यूमनाई मीट का आयोजन भी किया जाएगा।

इसमें यूटीयू यंग एल्यूमिनी अवार्ड, यूटीयू रिसेन्ट एल्यूमिनी अचीवमेंट अवार्ड व यूटीयू रिसेन्ट एल्यूमिनी सर्विस अवार्ड इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी, फार्मेसी, मैनेजमेंट, लॉ एवं होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व छात्रों को प्रदान किया जायेगा।